148	डॉ. शर्मा राकेश मणिलाल
149	डॉ. गुरविंदर सिंह

150	डॉ. अमित शर्मा
151	डॉ. दिव्या सिंह
152	डॉ. अनु जॉन
153	डॉ. जियोबी पॉल
154	डॉ. अंकुर कटारिया
155	डॉ. कविता सोनी
156	डॉ. कदम निकित दत्ता
157	डॉ. मुरली एस. एम.
158	डॉ. नितिन बिथर
159	डॉ. अर्घ्य बसु
160	डॉ. सनप मनोज मारुति
161	डॉ. भंडारी निखिल भागचंद
162	डॉ. पटेल भाविककुमार हसमुखलाल
163	डॉ. सुधाकर आर.
164	डॉ. पिल्लई अवनि गोपालकृष्ण
165	डॉ. आशीष शर्मा
166	डॉ. के. बीना
167	डॉ. रवि कुमार एन.
168	डॉ. हरि निवास पी एस
169	डॉ. चेतना टंडन
170	डॉ. सत्यमनसा गायत्री विनय एस.
171	डॉ. तपूरिया अभिषेक कमलकुमार
172	डॉ. जैन मिखिल विजय
173	डॉ. सतीश कुमार एम.
174	डॉ. बरनी आर.
175	डॉ. कुमार वी. एस. वी.
176	डॉ. वेलुमुरूगन एस.

177	डॉ. सुधाकरन एम.
178	डॉ. खान मिस्बाह शाह आलम
179	डॉ. सुपे अमित चंद्रकांत
180	डॉ. अरिजीत दास
181	डॉ. माधवे अमोल अशोक
182	डॉ. पाटिल अक्षयदीप संभाजीराव
183	डॉ. आर. राजगोपालन
184	डॉ. नांबियार प्रगति उन्नीकृष्णन
185	डॉ. डी. राजेश बाबू
186	डॉ. मीनू बरारा
187	डॉ. जयभाई अमोल प्रल्हादराव
188	डॉ. इंदुबाला मौर्य
189	डॉ. गायकवाड़ विवेक रंगनाथ
190	डॉ. पीयूष मिश्रा
191	डॉ. घोरपड़े कपिल रावासो
192	डॉ. पी. रविकुमार
193	डॉ. बीजू बाबू
194	डॉ. नित्या जे.
195	डॉ. अनिमेष रे
196	डॉ. साउजी पीयूष प्रदीप
197	डॉ. कुमार कौशिक डैश
198	डॉ. कविता बिशेरवाल
199	डॉ. शिवकुमार एस. पी.
200	डॉ. अनिल लोहार
201	डॉ. चंद पाशा बी.
202	डॉ. कुलकर्णी सुयश सुरेशचंद्र
203	डॉ. नितिन सुधाकर शेट्टी
204	डॉ. अरूलप्रकाश

205	डॉ. उदयसन चेरायिल नानू
206	डॉ. विद्यासागर मुरलीमोहन सिस्तला
207	डॉ. चौधरी स्वाति
208	डॉ. दिव्या जोस
209	डॉ. अंशुल गोयल
210	डॉ. नितिन जी. पाई
211	डॉ. कलारीकक्ल नराबृन राजेश
212	डॉ. मूलचंदानी रेशम दर्शन
213	डॉ. पाटिल मयूर मधुकर
215	डॉ. पोपलवाल हर्षानंद जनार्धनराव
216	डॉ. धान्या टी. एच.
216	डॉ. भावना गोयल
217	डॉ. निशांत जैन
218	डॉ. पाटिल अनुराधा जगदीश
219	डॉ. सोमशेखरप्पा बी. कडुर
220	डॉ. साहू सौरभ
221	डॉ. स्कंद बाहरे
222	डॉ. प्रीतेश चौधरी
223	डॉ. लोटलीकर श्रेया आनंद
224	डॉ. प्रभु तनय रामचंद्र
225	डॉ. सुप्रिया मलिक
226	डॉ. तंकसले श्रीदेवी जयंत
227	डॉ. महेश चंद्र
228	डॉ. विग्नेश कुमार सी.
229	डॉ. कादे महेश रामचंद्र
230	डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता
231	डॉ. राजेश अरोड़ा

232	डॉ. तेजिंदर कौर
233	डॉ. कालशेट्टी अश्विनी अशोक
234	डॉ. मोहम्मद अब्दुल बसीर
235	डॉ. चानना गौरव
236	डॉ. मेघा प्रुथी
237	डॉ. राजू एल. हादीमानी
238	डॉ. गीतांजलि एस. वर्मा
239	डॉ. सौरभ गुप्ता
240	डॉ. अमल श्याम
241	डॉ. आलोक कुमार गुप्ता
242	डॉ. सुमन पोद्दार
243	डॉ. अनिलकुमार वी.
244	डॉ. सोनवणे अतुल अरुण
245	डॉ. शुभ्रा अग्रवाल
246	डॉ. कार्तिक कृष्ण भट्ट एस. वी.
247	डॉ. बसप्पा सुभाष हूगर
248	डॉ. शिवराज एस.
249	डॉ. देधिया विक्की कुशलचंद
250	डॉ. रितेश जॉर्ज मेनेजीस
251	डॉ. एलिजाबेथ जोसेफ
252	डॉ. मुरलीधर एस.
253	डॉ. सविता लासराडो
254	डॉ. सैयद मुइनूद्दीन
255	डॉ. सूर्या जयति चौधरी
256	डॉ. अनुजा थॉमस
257	डॉ. नूर मोहम्मद
258	डॉ. रूपा प्रसाद
259	डॉ. अमित बानिक

260	डॉ. मुरली मोहन सोमा
261	डॉ. सरावगी मोहित राजेंद्र
262	डॉ. दोदुल मंडल
263	डॉ. महिमा अग्रवाल
264	डॉ. अंजना एम. वी.
265	डॉ. नवप्रीत अरोड़ा
266	डॉ. विजयश्री जी.
267	डॉ. अजिता वेदामणिक्कम
268	डॉ. फ्रांसिस एन. पी. मोंटोरियो
269	डॉ. दीपन्विता दत्ता
270	डॉ. शालू गर्ग
271	डॉ. आनंद कुमार
272	डॉ. विजय कुमार सिन्हा
273	डॉ. मनु एम. एस.
274	डॉ. महाजन अभिषेक सुरेश
275	डॉ. दीपक गोयल
276	डॉ. मोइदु शमीर के. पी.
277	डॉ. सुंदर मैथ्यू
278	डॉ. सावनकर शीतल गोविंद
279	डॉ. कमला आर.
280	डॉ. देवराज नाइक के.
281	डॉ. आनंद एम. एस.
282	डॉ. राहुल पोद्दार
283	डॉ. कार्तिक राम मोहन
284	डॉ. दर्शककुमार दीपकभाई मकाड़िया
285	डॉ. परसेवर सुमित सुरेश
286	डॉ. गरिमा मिश्रा

287	डॉ. तनुश्री साहू
288	डॉ. पारुल जैन
289	डॉ. नीतू सैनी
290	डॉ. अंकित चावला
291	डॉ. अग्रवाल आशीष राकेश
292	डॉ. विनीत धवन
293	डॉ. गिंडोडिया पल्लवी घनश्यामदास
294	डॉ. सौरभ गर्ग
295	डॉ. रोहित कुमार
296	डॉ. राहुल मोहन
297	डॉ. रविंद्र जी. आर.
299	डॉ. तंडेल कौशिक मणिलाल
299	डॉ. गिलितवाला नम्रता मनहरलाल
300	डॉ. मोहन अभिनव अमरनाथ

301	डॉ. उचाले सतीश बंशी
302	डॉ. निशा विलास फदतरे
303	डॉ. पंसारे निखील वसंत
304	डॉ. मोहित गुप्ता
305	डॉ. मेहता चिंतन हर्षद
306	डॉ. पाटिल प्रकाश विश्वनाथ
307	डॉ. सालुंके मकरंद सुधाकर
308	डॉ. मनीष कुमार शर्मा
309	डॉ. सिन्नारकर श्रीकला सतीश
310	डॉ. काकातकर सागर विवेक
311	डॉ. एस. सैयद अली
312	डॉ. नीलमणि माथुर
313	डॉ. इश्तियाक अब्दुल्ला
314	डॉ. पांखुड़ी जौहरी
315	डॉ. श्रद्धा सिंह

दिनांक 23 सितंबर, 2015 को आयोजित परिषद की बैठक में अनुमोदित नाम

1	डॉ. विनीत कुमार गुप्ता
2	डॉ. नीरज चंद्रा
3	डॉ. अहमद गनई मुश्ताक
4	डॉ. अंकित रूहेला
5	डॉ. अनुमेह जोशी
6	डॉ. यादव ब्रजेशकुमार मुनिलाल
7	डॉ. चते सोमेश्वर वेंकटराव
8	डॉ. मिश्रा ज्ञानशंकर प्रफुल्लकुमार
9	डॉ. चंद्रशेखर देबनाथ

10	डॉ. शिल्पी सचदेव
11	डॉ. सोनाली बजाज
12	डॉ. प्रसन्ना एल. सी.
13	डॉ. जीविता के. जे.
14	डॉ. वंदना
15	डॉ. उदित चौहान
16	डॉ. दीप्ति अग्रवाल
17	डॉ. वेदांग शाह
18	डॉ. भलोटिया अमित राजेंद्र प्रसाद

19	डॉ. अंजू गुप्ता
20	डॉ. श्रुति श्रीवास्तव
21	डॉ. मोहित बिहानी
22	डॉ. राहुल इलापरमभट्ट
23	डॉ. गोर संदीप तुकरामजी
24	डॉ. अभिलाष एलेक्स फ्रांसिस
25	डॉ. फर्डिनेन्ट जे.
26	डॉ. सूजा पी. सुकुमार
27	डॉ. अर्जुन
28	डॉ. जिस जोसेफ पनक्कल
29	डॉ. हिंदुस्तान वाला मोहम्मद अदनान
30	डॉ. गुलाब ट्रेसा जॉर्ज
31	डॉ. सतीश जैकब
32	डॉ. आशुतोष अजारी अरविंद
33	डॉ. निकुंज अग्रवाल
34	डॉ. शांताकुमारी निशा
35	डॉ. सरावगी आकाश अशोक
36	डॉ. शिवानी कोचर
37	डॉ. लाल चंद डागा
38	डॉ. पवन कुमार
39	डॉ. सनीज कान्हीरत
40	डॉ. शेवाले योगेश देवीदास
41	डॉ. मृगांक मौली साहा
42	डॉ. एम. एस. विजयलक्ष्मी
43	डॉ. चेरालथन एस.
44	डॉ. अग्रवाल पायल धनेश

45	डॉ. अग्रवाल सौरभ ज्वालाप्रसाद
46	डॉ. तैवड़े समीर कमलाकर
47	डॉ. शैलेंद्र तुकाराम पाटिल
48	डॉ. मनोज गुप्ता
49	डॉ. गौरव गर्ग
50	डॉ. तरूणिका गुप्ता
51	डॉ. बंसल शैफाली
52	डॉ. प्रियंका सुहाग
53	डॉ. प्रभजोत मनचंदा
54	डॉ. निधि भटनागर
55	डॉ. रूपम जैन
56	डॉ. अरुल जोठी वी.
57	डॉ. शिजीथ के. पी.
58	डॉ. उद्दानदम राजेश
59	डॉ. संध्या बी.
60	डॉ. सुधींद्र एम. राव
61	डॉ. कृष्णा कुंकुमल्ला
62	डॉ. माने शशिकांत रघुनाथ
63	डॉ. नीतू मोहन
64	डॉ. थाली पुनीत रमेश
65	डॉ. जोशी अमिता
66	डॉ. सुधाकर टी.
67	डॉ. जसमीत सिंह
68	डॉ. मेघा गुप्ता
69	डॉ. संदीप पी. के.
70	डॉ. विजयराघवन आर. एल.

71	डॉ. राजेश गायकवाड़
72	डॉ. बदौले मनोज पंचम
73	डॉ. वी. यू. जगदीशवरम्
74	डॉ. संजय सतरावल
75	डॉ. पार्थ प्रतिम चक्रवर्ती
76	डॉ. किरणजीत कौर
77	डॉ. शेवगन पवन सरदारसिंह
78	डॉ. अरुण कुमार यादव
79	डॉ. रंजीता कुमारी
80	डॉ. रंजीत पी.
81	डॉ. शिंगी श्वेता रतिलाल
82	डॉ. जितेंद्र कुमार पांडेय
83	डॉ. आदर्श यू.
84	डॉ. सैयद नवाज अहमद
85	डॉ. एस. रेणु बाला
86	डॉ. नम्रता नरेंद्र जाधव
87	डॉ. आशीष गर्ग
88	डॉ. लापशिया विशाल शांतिलाल
89	डॉ. बोरकर निखिलेश रामकृष्ण
90	डॉ. आसिफ एन. इकबाल
91	डॉ. सिद्धार्थ सरकार
92	डॉ. चोरादिया पूजा लीलम

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

अकादमी की सूची में अध्येता/सदस्य

	मानद अध्येता	अध्येता एफएएमएस	सदस्य एमएएमएस	सदस्य एमएनएएमएस
दिनांक 31.03.2015 की यथास्थिति	3	866	1,772	4382
दिवंगत (2015-2016 की अवधि के दौरान)	-	(-) 15	(-) 2	-
वर्ष 2015 में निर्वाचित	-	(+) 25*	(+) 70	-
वर्ष 2015 में सदस्यगण जिन्हें अध्येतावृत्ति को प्रोन्नत किया गया	-	-	(-) 11	-
वर्ष 2015 में डीएनबी परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने के बाद विनियमन-V द्वारा प्रवेश दिए गए सदस्य	-	-	-	407
दिनांक 31.03.2016 की यथास्थिति रोल पर	**3**	**876**	**1,829**	**4,789**

* इसमें अध्येतावृत्ति को प्रोन्नत 11 सदस्य सम्मिलित हैं।

चिकित्सा वैज्ञानिकों का व्याख्यान तथा पुरस्कार के लिए नामांकन-2015-16

व्याख्यान तथा पुरस्कार समिति की सिफारिशों के आधार पर परिषद् ने वर्ष 2015-16 के लिए निम्नलिखित वैज्ञानिकों को व्याख्यान तथा पुरस्कार प्रदान करना अनुमोदित कियाः

व्याख्यान	
डॉ. अचंता लक्ष्मीपति व्याख्यान	डॉ. एलियम्मा मैथ्यू, एफएएमएस आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, कैंसर महामारी विज्ञान एवं जैवसांख्यिकी प्रभाग, क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, त्रिवेंद्रम-695011।
व्याख्यान का शीर्षक	“महिलाओं में कैंसर”
डॉ. वी.आर. खानोल्कर व्याख्यान	डॉ. देबब्रत दाश, एफएएमएस आचार्य, जैव रसायन विभाग, आयुर्विज्ञान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी-221005, उत्तर प्रदेश।
व्याख्यान का शीर्षक	"नेनोपदार्थों के जैव चिकित्सा अनुप्रयोग: घनास्त्रता विकारों का निदान और चिकित्सा"

डॉ. कर्नल संघम लाल स्मारक व्याख्यान	डॉ. विस्वेसर भट्टाचार्य, एफएएमएस पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, आयुर्विज्ञान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी-221005, उत्तर प्रदेश।
व्याख्यान का शीर्षक	"पुनर्निर्माण सर्जरी के लिए ऊतक स्थानांतरण में गहरी प्रावरणी के समावेश की प्रायोगिक और नैदानिक साक्ष्य-आधारित तार्किकता"

डॉ. बलदेव सिंह व्याख्यान	डॉ संजीव वी. थॉमस, एफएएमएस आचार्य, तंत्रिका विज्ञान एवं अध्यक्ष, आर. माधवन नायर समेकित मिर्गी देखभाल केंद्र, तंत्रिका विज्ञान विभाग श्री चित्रा तिरुनल आयुर्विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेंद्रम-695011, केरल।
व्याख्यान का शीर्षक	“मिर्गी पीड़ित महिलाओं में प्रजनन समस्याएं”

डॉ. आर.वी. राजम व्याख्यान	डॉ. राजेश कुमार, एफएएमएस आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग एवं जन स्वास्थ्य विद्यालय, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012।
व्याख्यान का शीर्षक	"एचआईवी / एड्स की रोकथाम के लिए

	निगरानी और लक्षित कार्रवाई"

जनरल अमीर चंद व्याख्यान	डॉ. ओ. पी. कालरा, एफएएमएस कुलपति, पं. बी. डी. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक-124001, हरियाणा।
व्याख्यान का शीर्षक	"मधुमेह अपवृक्कता के आनुवंशिक आधार"

डॉ. एस. जानकी स्मारक व्याख्यान	डॉ. शेफाली गुलाटी, एमएएमएस आचार्य, प्रमुख, बाल तंत्रिका विज्ञान प्रभाग बाल रोग विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली - 110029।
व्याख्यान का शीर्षक	“तंत्रिका विकासात्मक विकारः यात्रा, स्वपन एवं उनकी पूर्ति”

डॉ. प्राण नाथ छुट्टानी व्याख्यान	डॉ. काशी नाथ प्रसाद, एफएएमएस आचार्य, सूक्ष्म जैव विज्ञान विभाग, संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ-226015, उत्तर प्रदेश।
व्याख्यान का शीर्षक	"उत्तर भारत के सुअर पालन समुदाय में न्यूरोसिस्टीसरकोसिस बोझ"

पुरस्कार

डॉ. एस. एस. मिश्रा स्मारक पुरस्कार	डॉ. मधुसूदन के. एस. सहायक आचार्य, विकिरण निदान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029।
विषय: "इसोफेजियल कार्सिनोमा के रोगियों में मल्टी-डिटेक्टर कंप्यूटिड टोमोग्राफी इसोफेजोग्राफी की भूमिका"	
डॉ. विमला विरमानी पुरस्कार	डॉ. जगदीशा थिरथल्ली आचार्य, मनोरोग विभाग, निमहांस, बंगलौर-560029, कर्नाटक।
विषय: "प्रतिमनोविकारी उपचारित एवं अनुपचारित सिज़ोफ्रेनिया रोगियों में विकलांगता की प्रक्रिया की संभावित तुलना"	
डॉ. एस.एस. सिद्धू पुरस्कार	डॉ. अशोक कुमार जेना दंत शल्य चिकित्सा विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, सिजुआ, पटरापदा, भुवनेश्वर, ओडिशा।
विषय: "विदर ओष्ठ और तालु विकृति वाले वयस्क रोगियों में नाक सूचकांक पर ऊपरी जबड़े के विकर्षण अस्थिजनन के दीर्घकालिक प्रभाव"	
डॉ. विनोद कुमार भार्गव पुरस्कार	डॉ. गणेश वेंकटरमन सह आचार्य, मानव आनुवंशिकी विभाग, जैव चिकित्सा विज्ञान, प्रौद्योगिकी

	एवं अनुसंधान महाविद्यालय, श्री रामचंद्र विश्वविद्यालय, पोरुर, चेन्नई - 600116, तमिलनाडु।
विषय: "अग्नाशय के कैंसर में पी21 सक्रिय काइनेज 1 संकेत चिकित्सीय परिणामों को प्रभावित करते हैं"	
डॉ. ए. एस. थाम्बिया पुरस्कार	डॉ. सुनील डोगरा सह आचार्य, त्वचारोग विज्ञान, रतिजरोग विज्ञान एवं कुष्ठरोग विज्ञान विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012।
विषय: "12 माह तक डब्ल्यूएचओ एमडीटी- एमबीआर के साथ उपचारित मल्टीबैसीलरी (एमबी) कुष्ठ रोगियों में नैदानिक विशेषताएं और परिणाम: उत्तरी भारत के एक तृतीयक देखभाल अस्पताल में कुष्ठ रोग क्लिनिक से 730 रोगियों का एक पूर्वव्यापी विश्लेषण"	
डॉ. नन्दगुड़ी सूर्यनारायण राव पुरस्कार	डॉ. केयूर पारिख राव पुरस्कार अध्यक्ष, सिम्स अस्पताल प्राइवेट लिमिटेड, हृदयवक्षीय देखभाल सलाहकार, शुकान मॉल के पास, कार्यालय- साइंस सिटी रोड, सोला, अहमदाबाद-380060, गुजरात।
विषय: "भारतीय महिलाओं में कोरोनरी धमनी रोग के अद्वितीय पहलू"	

स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान

साख समिति की अनुशंसा के आधार पर और परिषद् की सहमति से, वर्ष के दौरान अध्येता चुने गए सबसे युवा जैवचिकित्सा वैज्ञानिक को अकादमी की वार्षिक सभा में स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

डॉ. आशीष सूरी, एफएएमएस आचार्य, तंत्रिकाशल्यविज्ञान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, वर्ष 2014 के दौरान अध्येता चुने गए सबसे युवा जैवचिकित्सा वैज्ञानिक थे। उन्होंने 18 अक्तूबर 2015 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का विषय "तंत्रिकाशल्यविज्ञान में अनुकरण आधारित कौशल प्रशिक्षण और समकालीन शल्य पद्धतियाँ" था।

जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार

परिषद् ने 4 अगस्त, 2015 को आयोजित अपनी बैठक में नियम 34 (डी) के तहत वर्ष 2015 के लिए सेवानिवृत्त एयर मार्शल (डॉ.) एम. एस. बोपाराय, एफएएमएस, को नेत्र विज्ञान सेवाओं एवं चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में व्यावसायिक उत्कृष्टता और नेतृत्व, धैर्य, शैक्षणिक श्रेष्ठता, और व्यावसायिक उत्कृष्टता के गुणों के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड और उच्च कोटि की विषय विशेषज्ञता को मान्यता देते हुए, जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार प्रदान करने हेतु अनुमोदित किया है। उन्होंने परिषद सदस्य, प्रतिष्ठित आचार्य एव. विभिन्न स्थायी समितियों के सदस्य के रूप में उत्कृष्टता पूर्वक अकादमी की सेवा की है।

इमारत का रख-रखाव

इमारत के रख-रखाव पर होने वाले व्यय की भागीदारी 50:50 आधार पर एनएएमएस और एनबीई द्वारा की जाती है। गृह-सज्जा और सुरक्षा के कार्य संविदा आधार पर सौंपे गए हैं।

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अकादमी का मरम्मत कार्य चार चरणों में किया गया था: -

1. क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत, छत की वॉटर प्रूफिंग
2. ओवर हेड टंकी, छज्जा और ग्रिड वाश बनाना व उपलब्ध कराना
3. दूसरी मंजिल के क्षतिग्रस्त जी.आई. और सीवेज पाइप लाइनों की मरम्मत / बदलना

4. पहली मंजिल के शौचालय और सभी सीवेज पाइप लाइनों के जोड़ों का नवीनीकरण आदि।

क्रम संख्या 1, 2 और 4 में उल्लेखित कार्य के लिए निविदाएं अकादमी द्वारा आमंत्रित की गईं थीं और कार्य छांटे गए ठेकेदारों को दिया गया। कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। ऊपर क्रम संख्या 3 से संबंधित कार्य, उनसे प्राप्त सूचना के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा किया गया था।

ऑडियो प्रणाली सभागार भवन में लगाई गई है और चालू है।

भूतल पर लगाया गया एयर कंडीशनर प्लांट स्टार्टर अब एसी प्लांट के साथ जोड़ दिया गया है और अपने नियमित कार्य (चलाना/ बंद करना) के लिए एसी प्लांट का सुचारू रूप से आवश्यकतानुसार परिचालन हो रहा है।

(सभागार इमारत के चित्र के लिए कृपया वार्षिक रिपोर्ट के पृष्ठभाग को देखिए)

वर्ष वृत्तांत (एनल्स) का प्रकाशन

1. राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) के वर्ष वृत्तांत पर रिपोर्ट

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर के नैम्स चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान केंद्र को अकादमी की अधिकारिक पत्रिका- राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) के वर्ष वृत्तांत के प्रकाशन का अतिरिक्त उत्तरदायित्व सौंपा गया था। जोधपुर में हम 2 वर्षों में वर्ष वृत्तांत के सात अंकों को प्रकाशित करने में सक्षम रहे हैं। ये हैं:

1. स्वर्ण जयंती व्याख्यान, 2013;

2. निद्रा चिकित्सा, 2013;

3. चिकित्सा शिक्षा में अनुसंधान, 2015;

4. जनवरी - जून अंक 2014;

5. जुलाई - दिसंबर 2014;

6. जून - सितम्बर 2015;

7. अक्टूबर - दिसंबर 2015।

2016 का अगला अंक (52 संख्या 1) अब मुद्रण एवं वितरण के लिए तैयार है।

1 अप्रैल 2015 - 31 मार्च 2016 के वित्तीय वर्ष के दौरान वर्ष वृत्तांत के तीन अंकों को प्रकाशित किया गया।

नैम्स कैंप कार्यालय में 23 जनवरी, 2015 को 10.30 बजे एक अनौपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की कार्यसूची पर समयानुसार टेलीकांफ्रेंस और ई-मेल द्वारा चर्चा की गई। वर्ष वृत्तांत के प्रकाशन की निरंतरता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया और यह निर्णय लिया गया कि जनवरी 2015 के अंक से आकार, स्वरूप और मुख्य पृष्ठ के रंग आदि में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

नैम्स के वर्ष वृत्तांत का मुद्रण: मुद्रण की लागत, लिफाफे की लागत, डाक खर्च आदि सहित वर्ष वृत्तांत की अनुमानित लागत अब तय कर ली गई है।

2. "नियम 26 के अनुसार संपादक और संपादकीय बोर्ड का कार्यकाल 3 वर्ष है। संपादकीय बोर्ड का 2007 में गठन किया गया और 12 जुलाई, 2008 को आयोजित परिषद की बैठक में अनुमोदित किया गया था।" वर्षवृत्तांत का अंतिम अंक अक्टूबर, 2010 में मधुमेह पर प्रकाशित किया गया था तब से वही संपादकीय बोर्ड विद्यमान था परंतु वर्षवृत्तांत का एक भी अंक प्रकाशित नहीं हो पाया। प्रो. जे. एस. बजाज को नैम्स के वर्षवृत्तांत के लिए नया संपादकीय बोर्ड गठित करने के लिए अधिकृत किया गया था। 4 अक्टूबर, 2015 को परिषद की बैठक में प्रस्तुत किए गए नए संपादकीय बोर्ड का समर्थन किया गया और 1 जनवरी, 2015 से प्रभावी हो गया था, वर्षवृत्तांत का पहला अंक जनवरी, 2015 में मुद्रित और वितरित किया गया। जुलाई, 2015 से डॉ. कुलदीप सिंह को सहयोगी संपादक के रूप में नामित किया गया।

3. एम्स, जोधपुर में मुद्रित होने वाले नैम्स के वर्षवृत्तांत के सभी आगामी अंकों को नैम्स चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान केंद्र, जोधपुर द्वारा बिना किसी अतिरिक्त लागत के राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की वेबसाइट http://annals-nams.in पर इसके वितरण के 3 दिन के भीतर डाल दिया जाएगा।

4. यदि प्रकाशन की अपेक्षित निरंतरता को बनाए रखा जाता है तो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में स्थापित नैम्स चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान केंद्र वर्षवृत्तांत के अनुक्रमण के लिए प्रयास करेगा। इसमें कोई लागत नहीं आएगी। यदि हम इस लक्ष्य को प्राप्त करते हैं, तो नैम्स के वर्षवृत्तांत पबमेड (अंतरराष्ट्रीय अनुक्रमण प्रणाली) पर उपलब्ध होंगे। इसके लिए संपादकीय बोर्ड के सभी सदस्यों के उनके डाक पते, मोबाइल नंबर, ई-मेल आदि सहित संपर्क विवरण प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। यह एक सार्वजनिक डोमेन में नहीं होगा लेकिन यह संगठन की पूर्व-आवश्यकता है।

5. जब तक पबमेड अनुक्रमण प्राप्त किया जाता है तब तक नैम्स केंद्र कई अन्य ओपन अनुक्रमण प्रणालियों में अनुक्रमण की संभावनाएं खोजेगा जिससे पत्रिका की दृश्यता में विस्तार होगा। हमने निम्नलिखित उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं:

   (क) गूगल विश्लेषिकी सत्यापन किया गया, गूगल खोज में हमारी पत्रिका दूसरे स्थान पर है तथा यह केवल आधिकारिक नैम्स वेबसाइट के बाद दूसरे स्थान पर है।

   (ख) गूगल स्कॉलर उद्धरण सूचकांक में दिखा रहा है।

(ग) हार्वर्ड में डाटावर्स परियोजना ने हमारी पत्रिका के साथ एक लिंक स्थापित किया है और सभी लेख इसके डेटाबेस पर निकाले जाएंगे।

(घ) वर्ल्डकैट अनुक्रमण और हमारे लेखों का संग्रह रख रहा है (सभी लेख ऑनलाइन पुस्तकालय http://www.worldcat.org/libraries/148448 पर उपलब्ध हैं)।

(ड़) हमारे वर्षवृत्तांत बेस - बीलेफेल्ड अकादमिक सर्च इंजन में अनुक्रमित हैं (http://www.base-search.net/ में खोजे जा सकते हैं)

(च) वर्षवृत्तांत अब सूचकांक मेडीकस (डब्ल्यूएचओ)के साथ अनुक्रमित है।

(छ) 2015 के बाद से वर्षवृत्तांत "ओपन एक्सेस पत्रिकाओं की निर्देशिका' में भी सूचीबद्ध हैं।

(ज) वर्षवृत्तांत अब साइटफैक्टर में भी अनुक्रमित हैं - http://www.citefactor.org/journal/index/13197/annals-of-the-nationalacademy-of-medical-sciences-india#.V3HqffI97IU।

केंद्र ने सूचकांक कॉपरनिकस के साथ अनुक्रमण भी प्रारंभ कर दिया है।

<u>भविष्य की योजनाएं :</u>

6. नैम्स चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान केंद्र, जोधपुर द्वारा पांडुलिपियों को ऑनलाइन जमा करने के प्रयास आरंभ किए जा रहे हैं। संपादकीय सुधार, अकादमी के किसी भी सदस्य द्वारा की गई किसी भी उचित टिप्पणी के लिए पांडुलिपियों की समीक्षा करने का अधिकार प्रतिष्ठित संपादक के अधीन रहेगा और उसके लिए सभी समीक्षकों, अध्येताओं, सदस्यों की संबंद्धता एवं ई-मेल पते लिए जाएंगे। पुराने अंक भी पीडीएफ प्रारूप में अपलोड किए जाएंगे जिससे पबमेड अनुक्रमण में सहायता होगी।

मृत्युलेख

अकादमी के निम्नलिखित प्रतिष्ठित अध्येताओं/ सदस्यों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया गया हैः

अध्येताः

1. डॉ. सोहन लाल अग्रवाल
2. डॉ. बी.सी. बापना
3. डॉ. (श्रीमती) सी. श्यामला भास्करन
4. डॉ. रंजीत रॉय चौधरी
5. डॉ. पन्ना चौधरी
6. डॉ. हीरालाल गुलाबभाई देसाई
7. डॉ. धीरज गुप्ता
8. डॉ. भगवंत आर. कल्के
9. डॉ. जे. एस. नेकी
10. डॉ. मोहन चंद्र पंत
11. डॉ. वी. एन. शर्मा
12. डॉ. हेम कुमार तिवारी
13. डॉ. इरीन मनोरमा थॉमस
14. डॉ. नोशिर होरमुसजी वाडिया

सदस्यः

1. डॉ. राघव प्रसाद
2. डॉ. छत्रपति बनर्जी

अनुबंध-I

पटना (बिहार) में दिनांक 17 अक्टूबर, 2015 को आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में डॉ. मुकुंद एस. जोशी, अध्यक्ष, एनएएमएस द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

16 अक्टूबर से 18 अक्तूबर 2015 को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) के 55वें वार्षिक सम्मेलन - नैम्सकॉन 2015 के अवसर पर सभी प्रतिनिधियों, आमंत्रितों और प्रतिभागियों का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना, पाटलिपुत्र की वह भूमि जहां महान शासकों ने विश्व पर शासन किया, में स्वागत करते हुए मुझे असीम प्रसन्नता हो रही है।

'वैज्ञानिक ज्ञान के विकास और मानव कल्याण के लिए इसके अनुप्रयोग": के प्राथमिक उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की स्थापना की गई थी। मुझे खुशी है कि पिछले कुछ वर्षों में अकादमी की प्रगति के बीज, भारतीय वैज्ञानिकों की बड़ी संख्या द्वारा अनुप्रयुक्त, आधारभूत और सामुदायिक स्वास्थ्य अनुसंधान के माध्यम से इस उद्देश्य को पूरा करने की सीमा तक विकसित हुए हैं, उनमें से कुछ को इस अकादमी की अध्येतावृति द्वारा सम्मानित किया गया है और यह संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। यह महान संतुष्टि का विषय है कि अकादमी अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

नैम्स वार्षिक सम्मेलन से पहले " मातृ एवं बाल स्वास्थ्यः 2015 तक और उसके बाद" पर एक सीएमई कार्यक्रम होगा जो कि सार्थक विचार-विमर्श के लिए एक महान अवसर प्रदान करेगा और इस क्षेत्र में युवा मस्तिष्क के ज्ञान में वृद्धि करेगा और एक दूसरे और इस क्षेत्र में विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने के लिए अवसर प्रदान करेगा।

अकादमी अध्येतावृत्तियों, सदस्यता, व्याख्यान और पुरस्कार प्रदान करके वैज्ञानिकों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देती है और मैं दीक्षांत समारोह में स्क्रॉल प्राप्त करने वाले नव निर्वाचित अध्येताओं और सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूँ। उन सब को मेरा अभिवादन और दूसरों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं जिन्हें मेरा दृढ़ विश्वास है कि भविष्य में मान्यता प्राप्त होगी।

मैं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना में आयोजन सचिव और नैम्सकॉन 2015 की पूरी टीम को भी इस वार्षिक सम्मेलन और सीएमई के आयोजन के लिए बधाई देता हूं। मैं दिल्ली

में अपने ही नैम्स स्टाफ को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने इस सम्मेलन की भव्य सफलता और आने वाले वर्षों के लिए यादगार बनाने के लिए पृष्ठभूमि में अथक प्रयास किए।

मैं नैम्सकॉन 2015 सम्मेलन की भव्य सफलता की कामना करता हूँ।

जय हिंद।

अनुबंध- //

पटना (बिहार) में दिनांक 17 अक्तूबर, 2015 को आयोजित 55वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि महामहिम डॉ. राम नाथ कोविंद, बिहार के राज्यपाल, द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) के 55वें वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर एकत्रित हुए अतिथियों, निदेशक, संकाय, छात्रों और कर्मचारियों का बिहार में स्वागत करता हूँ।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी का भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा 21 अप्रैल, 1961 को उद्घाटन किया गया था। तब से इसने अपने पेशे में शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर कई डॉक्टरों को अध्येतावृत्ति और सदस्यता प्रदान की है। उन सभी को मेरी शुभकामनाएं और बधाई जिन्हें इस वर्ष अध्येतावृत्तियों और सदस्यता से सम्मानित किया जा रहा है। वे भी क्षेत्रीय समस्याओं को हल करने के लिए इस तरह के सम्मेलनों का आयोजन करने में सहायता करते हैं। मुझे आशा है कि इस सम्मेलन में भी विचार-विमर्श द्वारा बिहार में क्षेत्रीय प्रासंगिक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करने में सहायता मिलेगी।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की भारत में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए कल्पना की गई थी। कैसे आधुनिक विज्ञान के लाभ कतार में आखिरी व्यक्ति तक सस्ती कीमत पर उसके द्वार तक पहुंचेंगे, यह पर्याप्त मात्रा में राष्ट्र को समर्पित ऐसे संस्थानों का जनादेश है। इस जनादेश के साथ यह 3 साल का शिशु संस्थान कई मायनों में देश के अन्य चिकित्सा शिक्षण संस्थानों की तुलना में पहले से ही अनूठा है। कैसे आप इनके प्रकाशन आइना 12, 13 और 14 से जान सकते हैं जिनमें अंतर का वर्णन करने वाली समाचार रिपोर्टों को प्रस्तुत किया गया है।

कैसे सरल, सुरक्षित, कम लागत और प्रभावी उपचार दूर स्थानों पर अंतिम व्यक्ति के लिए दिया जा सकता है, यह कई मायनों में उनके द्वारा हल किया जा चुका है? उन्होंने बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में नियुक्त और नेटवर्क की जा रही त्वरित चिकित्सा अनुक्रिया टीम को प्रशिक्षित करने में सहायता की। उनका अपनी टेली-

चिकित्सा शिक्षा साइट http://www.sankatmochannagrik.in पर आम आदमी के लिए एक आभासी विद्यालय है जो चिकित्सा आपात स्थिति या आपदा के लिए सही ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए सीखना चाहता है। उन्होंने संकट नामक एक एप तैयार की है जो एक आम आदमी जैसे ऑटो चालक द्वारा मोबाइल के माध्यम के एक पूर्व कोडित संदेश भेजने की सुविधा उपलब्ध कराती है जो पहली प्रतिक्रिया एम्बुलेंस, आग टेंडर या पुलिस की मोबाइल स्क्रीन पर एक गूगल मानचित्र पर आपदा या आपात की स्थिति की पहचान करती है जिससे निकटतम सहायता बिना किसी देरी के पहुँच सके। उनका छत्तीसा एक दूर स्थित कंप्यूटर प्रवीण नौजवान होता है जिसे नेट के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा एक एम्स विशेषज्ञ से विश्वसनीय नि: शुल्क परामर्श प्राप्त होता है जो दूरस्थ रोगी को यही परामर्श प्राप्त करने के लिए पटना की यात्रा के कम से कम 2,000 रूपये की बचत करवाता है। मुझे बताया गया है कि बिहार के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री श्री अश्विनी चौबे द्वारा 23 जनवरी 2013 को अपनी स्थापना के बाद से इस कार्यक्रम ने 87000 रोगियों को परामर्श प्रदान किया है और 50000 की यात्रा बचाई है जो गरीब आदमी के स्वास्थ्य धन के 10 करोड़ रूपये हैं। एईएस जेई 2012 महामारी के उनके सूक्ष्म मानचित्रण ने इस परिकल्पना को सिद्ध किया कि सरयू और गंगा के उत्तरी किनारे पर एक अंतर मल वहन जल प्रेषित विषाणु के कारण होता है। इस जानकारी के द्वारा राज्य स्वास्थ्य विभाग एक गहन जल प्रदूषण नियंत्रण और पता लगाने, पुनर्प्राप्ति और एसओपी आधारित प्रबंधन द्वारा मुजफ्फरपुर में रोग की घटनाओं को गत वर्ष 1300 से इस बर्ष 100 से कम करने में सक्षम हो पाया।

इसके अलावा संस्थान की ओपीडी में आने वाले रोगी बड़ी कतारों से बचने के लिए अपने मोबाइल फोन के माध्यम से स्वंय का पंजीकरण कर सकते हैं। सभी चित्र, वीडियो, संदेश, और नंबर सहित उनका डेटा सृजन के समय से नेट पर जमा हो जाते हैं और विभिन्न दूरस्थ स्थानों पर मोबाइल के माध्यम से प्राप्त, प्रयोग और अद्यतन किए जा सकते हैं। डेटा बहुत शुरुआत से डिजिटल होने के कारण अनुसंधान और अच्छे नैदानिक अभ्यास और नीतिगत दिशानिर्देशों के निर्माण के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

उन्होंने मार्च 2014 के बाद से मृत्यु के बिना अपने 4 आधुनिक थिएटर में कर्णावत प्रत्यारोपण और जोड़ प्रतिस्थापन की तरह के 2000 बड़े ऑपरेशन किए हैं। शीघ्र ही प्रतीक्षा सूचियों में कमी के लिए उनके पास 3 और थिएटर होंगे और निकट भविष्य में सीटी स्कैन और ब्लड बैंक की स्थापना के साथ उनकी आपातकालीन सेवाएं आरंभ हो जाएंगी।

मुझे बताया गया है कि उनकी शिक्षण तकनीकों में ई लर्निंग शामिल हैं और वे बहुत आधुनिक और विकसित हैं।

उनकी आरएमआरआई, यूनिसेफ, पाथ, डब्ल्यूएचओ, राज्य सरकार आपदा और स्वास्थ्य विभागों, बिहार के आईआईटी और आईआईएम और राष्ट्रीय स्तर पर नैम्स जैसे शक्तिशाली मित्र बनाने की क्षमता और उन लोगों के साथ नेटवर्क मृत्यु और बीमारी के खिलाफ अंतहीन युद्ध में मुकाबला करने के लिए हर किसी की सहायता करेगा।

मैं राष्ट्र, विश्व और मानवता के लिए उपयोगी होने में आपकी सफलता की कामना करता हूँ और यहाँ विराम लेता हूँ।

जय हिन्द

शैक्षिक रिपोर्ट

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

01 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2016 के दौरान सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यकलापों की रिपोर्ट

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं:

1.	डॉ. प्रेमा रामाचंद्रन, एफएएमएस	-	अध्यक्ष
2.	डॉ. कमल बक्शी, एफएएमएस	-	सदस्य
3.	डॉ. राजेश्वर दयाल, एफएएमएस	-	सदस्य
4.	डॉ. मोहन कामेश्वरन, एफएएमएस	-	सदस्य
5.	डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल, एफएएमएस	-	सदस्य
6.	डॉ. राजू सिंह चीना, एफएएमएस	-	सदस्य
7.	डॉ. एम. वी. पदमा श्रीवास्तव, एफएएमएस	-	सदस्य
8.	डॉ. संजीव मिश्रा, एफएएमएस	-	सदस्य
9.	डॉ. के.के. शर्मा, एफएएमएस	-	सदस्य
10.	डॉ. मुकुंद एस. जोशी, एफएएमएस	-	अध्यक्ष, नैम्स (पदेन सदस्य)
11.	डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव, एफएएमएस	-	सचिव, नैम्स

वर्ष 2015-2016 के दौरान, सीएमई कार्यक्रम समिति की बैठक 10 जुलाई, 2015 को आयोजित की गई थीं।

समिति समय-समय पर, चर्चा के विषय और प्राप्त सीएमई प्रस्तावों के अनुसार विशेषज्ञ सलाह की आवश्यकता के आधार पर बैठक में भाग लेने के लिए अध्येताओं को सहयोजित करती है।

बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमः ये सीएमई कार्यक्रम अकादमी की सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। एनएएमएस द्वारा निधिपोषित बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों की गुणवत्ता और विषय-वस्तु में सुधार करने के लिए निधिपोषण हेतु प्राप्त प्रस्तावों की सबसे पहले एक विषय विशेषज्ञ, जो एनएएमएस के अध्येता भी हैं, द्वारा तकनीकी रूप से समीक्षा की जाती है। इस पद्धति का जुलाई, 2004 से ही अनुपालन किया जा रहा है और इस प्रकार नामोदिष्ट समीक्षकों ने प्रस्तावों का मूल्यांकन किया है और कार्यक्रम की विषय-वस्तु में अगर कोई खामियाँ हैं तो उनकी पहचान की है। समीक्षकों ने कार्यक्रम में समामेलित किए जाने वाले

संशोधनों/आशोधनों का भी सुझाव दिया है। ये सुझाव सूचित किए जाते हैं और ऐसे लगभग सभी सुझाव आयोजकों द्वारा स्वीकार किए गए हैं और उसके बाद ही सीएमई प्रस्तावों को निधिपोषित किया जाता है। अकादमी के अध्येताओं को बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेने और उनका मूल्यांकन करने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में नामोदिष्ट किया जाता है। अकादमी सीएमई कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में नामित अध्येताओं को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान कर रही है।

देश में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों/व्यावसायिक निकायों से प्राप्त सीएमई प्रस्तावों में से अकादमी ने वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2016 के दौरान 9 बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आंशिक वित्तीय सहायता स्वीकृत की है।

01 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2016 के दौरान निधिपोषित बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों का ब्यौरा अनुबंध-III के रूप में प्रस्तुत है।

01 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2016 के दौरान बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों पर स्वीकृत कुल व्यय 5,34,835 लाख रुपए (केवल पाँच लाख चौंतीस हजार आठ सौ पैंतीस रुपए) है।

अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम: ये संगोष्ठियाँ/ सीएमई कार्यक्रम अकादमी की सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। सीएमई कार्यक्रम समिति समय-समय पर अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम के रूप में निधिपोषण के लिए राष्ट्रीय और शैक्षणिक संगतता के विषयों की पहचान करती है। बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के समान ही अकादमी उन अध्येताओं को, जो पर्यवेक्षकों के रूप में सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और रिपोर्ट दाखिल करते हैं, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान करती है।

अकादमी ने वर्ष 2015-2016 के दौरान 5 अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम/ संगोष्ठी का निधिपोषण किया हैः-

1. 6-7 अप्रैल 2015 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित **"खाद्य सुरक्षा: फार्म से प्लेट भोजन बनाइए सेफ"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

2. 27 अप्रैल 2015 को श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर में आयोजित **"टाइप 2 मधुमेह के रोगियों की उपचर्या देखभाल"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

3. 16 अक्टूबर 2015 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में आयोजित **"मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य: 2015 में और इसके बाद"** पर नैम्स राष्ट्रीय संगोष्ठी

4. 29 अक्टूबर, 2015 को जे.एस.बी. बहुव्यावसायिक शिक्षा केंद्र, नैम्स, नई दिल्ली में आयोजित **"आघात में रोकथाम, प्रबंधन और पुनर्वास - एक बहु पेशेवर टीम दृष्टिकोण"** पर दिशानिर्देश विकसित करने के लिए प्रारंभिक विशेषज्ञ समूह की बैठक

5. 27 नवंबर, 2015 को जे.एस.बी. बहुव्यावसायिक शिक्षा केंद्र, नैम्स, नई दिल्ली में आयोजित: **"एमडीजी: सीखे गए पाठ और आगे एसडीजी की ओर मार्ग"** पर नैम्स-एनएफआई राष्ट्रीय संगोष्ठी

अंत-सांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम आयोजित करने में कुल व्यय 4,70,406 लाख रुपए (केवल चार लाख सत्तर हजार चार सौ छह रुपए) था। ब्यौरे अनुबंध-IV में दिए गए हैं।

चित्र 1 वर्ष 2014-15 और 2015-16 के दौरान बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक कार्यक्रमों पर किए गए व्यय का चित्रांकन करता है।

वर्ष 2014-15 और 2015-16 में सीएमई कार्यक्रमों पर कुल व्यय

हजार रूपयों में



चित्र 1. वर्ष 2014-15 और 2015-16 में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में किए गए व्यय का तुलनात्मक प्रदर्शन।

राज्य-चैप्टर-वार बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विवरण चित्र 2 में दिया गया है।



चित्र 2. राज्य चैप्टर-वार वर्ष 2015-16 में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का प्रदर्शन

वर्ष 2015-16 के लिए बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार विवरण चित्र 3 में दर्शाया गया है।



चित्र-3. वर्ष 2015-16 के लिए बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार वितरण

पिछले 3 वर्षों, अर्थात् 2013-14 से 2015-16 में स्वीकृत बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का राज्य-वार वितरण

बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का वर्ष 2013-16 से प्रति वर्ष राज्य-वार वितरण नीचे सारणी में दिया गया है

राज्य	2013-14	2014-15	2015-16	वर्ष 2015-16 के दौरान किया गया व्यय (रुपए)
आंध्र प्रदेश	1	1	-	-
असम	-	-	-	-
बिहार	-	-	-	-
चंडीगढ़	-	-	2	1,05,000
दिल्ली	2	-	-	-
गोवा	-	-	-	-
गुजरात	1	-	1	60,000
हरियाणा	-	-	1	69,535
हिमाचल प्रदेश	-	-	1	52,500
जम्मू और कश्मीर	1	-	-	-
कर्नाटक	1	2	1	36,000
केरल	-	-	-	-
मध्य प्रदेश	-	-	-	-
महाराष्ट्र	1	3	1	75,000
मणिपुर	-	-	-	-
ओडिशा	-	-	-	-
पुडुचेरी	1	2	1	61,800
पंजाब	-	-	-	-
राजस्थान	-	-	-	-
तमिलनाडु	-	1	-	-
उत्तर प्रदेश	-	2	1	75,000
उत्तराखंड	1	-	-	-

राज्य	2013-14	2014-15	2015-16	वर्ष 2015-16 के दौरान किया गया व्यय (रुपए)
पश्चिम बंगाल	-	-	-	-
जोड़	**9**	**11**	**9**	**5,34,835**

राज्य चैप्टर के अधीन सीएमई कार्यक्रमों के अंतर्गत समर्थित गोष्ठियों, संगोष्ठियों, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों, और कार्यशालाओं का विवरण नीचे दिया गया है।

अनुबंध-III

एनएएमएस अध्यायों के बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

अकादमी की वैज्ञानिक गतिविधियों में उसके राज्य चैप्टरों की शैक्षणिक गतिविधियां शामिल होती हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन उनकी गतिविधियों की रिपोर्ट नीचे दी गई हैः

कर्नाटक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कर्नाटक चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (बेंगलुरु में) आयोजित किया है।

महाराष्ट्र

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान महाराष्ट्र चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (पुणे में) आयोजित किया है।

पुडुचेरी

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान तमिलनाडु एवं पुडुचेरी चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया है।

चंडीगढ़

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चंडीगढ़ चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से दो बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (दोनों चंडीगढ़ में) आयोजित किए हैं।

गुजरात

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान गुजरात चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (राजकोट में) आयोजित किया है।

हरियाणा

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हरियाणा चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (मेवाड़ में) आयोजित किया है।

हिमाचल प्रदेश

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हिमाचल प्रदेश ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (शिमला में) आयोजित किया है।

उत्तर प्रदेश

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (लखनऊ में) आयोजित किया है।

अनुबंध-IV

दिनांक 01.04.2015 से 31.03.2016 तक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों पर रिपोर्ट

1. **22 अप्रैल, 2015 को एसएचकेएम शासकीय मेडिकल कॉलेज, मेवात, हरियाणा में आयोजित "स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच औषधि सुरक्षा निगरानी" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. प्रियंवदा शर्मा, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, भेषजगुण विज्ञान विभाग, एसएचकेएम शासकीय मेडिकल कॉलेज, मेवात, हरियाणा।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई के मुख्य उद्देश्य थे:

1. मरीज की सुरक्षा रिपोर्टिंग के लिए व्यवस्था पर एक देशव्यापी जागरूकता पैदा करना;
2. दवा के उपयोग पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में नियामक एजेंसियों का समर्थन करना;
3. जानकारी के आदान-प्रदान और डेटा प्रबंधन के लिए अन्य राष्ट्रीय एडीआर रिपोर्टिंग केन्द्रों के साथ सहयोग करना;
4. दवाओं की सुरक्षा पर साक्ष्य आधारित सूचना का सृजन करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. वी. एस. माथुर, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया की निगरानी और फामार्कोविजिलेंस के लिए औषध विज्ञानी और चिकित्सकों दोनों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है, जिसमें चिकित्सक दवाएं लिख कर और औषध विज्ञानी समग्र रोगी की देखभाल की गतिविधियों में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एडीआर रिपोर्टिंग केंद्र के प्रबंधन के माध्यम से भाग लेते हैं। इसके अलावा, एसएचकेएम संकाय, पड़ोसी चिकित्सा संस्थानों से अतिथि वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था। सीएमई में रोहतक, ग्रेटर नोएडा, अलीगढ़, हापुड़, फरीदाबाद, मेरठ और

मुजफ्फरनगर के मेडिकल कॉलेजों से लगभग 120 डॉक्टरों, नर्सों, फार्मासिस्ट ने भाग लिया। सीएमई सह कार्यशाला सुबह 9.30 बजे आरंभ हुई और 30 मिनट की एक लंच ब्रेक के साथ शाम 6 बजे समाप्त हो गई। विशेषज्ञ वक्ताओं, जिन्होंने प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं (एडीआर) के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे के साथ एक अच्छी तरह से तैयार वैज्ञानिक कार्यक्रम सीएमई का आकर्षण था। वक्ताओं ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से अपने संबंधित विषयों पर विचार रखे। प्रत्येक प्रस्तुति के बाद प्रश्न-उत्तर और दर्शकों द्वारा टिप्पणियाँ की गईं। कार्यक्रम में सीडीएससीओ-एडीआर फार्म भरने को स्पष्ट करने के लिए एक प्रदर्शन सह प्रायोगिक गतिविधि शामिल थे। इंटरैक्टिव सत्र के लिए सभी प्रयास किए गए थे और शिक्षाप्रद व्याख्यानों से परहेज किया गया था। वक्ता सीएमई के लक्ष्यों को उजागर करने में सक्षम थेः (क) संभावित एडीआर की जागरूकता में वृद्धि और रोगियों की फाइल में डॉक्टरों, नर्सों, फार्मासिस्ट और यहां तक कि रोगियों द्वारा निर्धारित दवाओं के लिए किसी भी प्रकार की अप्रिय प्रतिक्रिया की रिपोर्टिंग द्वारा टिप्पणी, (ख) साक्ष्य आधारित औषधि चयन और यह याद रखना कि दवाएं एक दोधारी तलवार हैं और सभी दवाएं संभावित विषाक्त हैं यदि उनका दुरुपयोग हो या डॉक्टर के निर्धारित निर्देशों के पालन के बिना ली जाएं जिसके परिणाम गैर-अनुपालन है (ग) सीडीएससीओ फार्म में सभी संदिग्ध एडीआर की रिकॉर्डिंग, (घ) विपणन के बाद निगरानी (पीएमएस) जिसमें हर प्रकार की विधि द्वारा ज्ञात और अब तक अज्ञात हानिकारक प्रभावों का पता लगाया जाए, (च) मेवात में ऐसे समस्या क्षेत्रों की पहचान करना जहां तपेदिक प्रतिरोधी दवाओं, जैसे आईएनएच, रिफैम्पिसिन, पाइराजिनामाइड और एथेमब्युटोल पर निर्भर रोगी एक बड़ी संख्या में हैं, पीएमएस की तुरंत आवश्यकता है और स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को इन समस्याओं का अध्ययन करने के लिए भेजा जा सकता है। सीएमई हरियाणा के एक दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्र में भली-भांति आयोजित और अत्यावश्यक कार्यशाला थी। हरियाणा सरकार ने यहां इस दूरदराज के इलाके में न केवल एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की है अपितु सभी विशिष्टताओं और अति विशिष्टताओं के साथ एक अति आधुनिक अस्पताल प्रदान किया है, अति योग्य और कुशल सलाहकार कर्मचारियों और बुनियादी संरचना से मुझे और प्रत्येक व्यक्ति को राज्य सरकार के योग्य और सराहनीय प्रयासों पर गर्व अनुभव हुआ।

2. 6-7 जुलाई 2015 को सेंट जॉन अनुसंधान संस्थान, सेंट जॉन राष्ट्रीय स्वास्थय विज्ञान अकादमी, सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज, बंगलौर में आयोजित "महामारी विज्ञान, जैव सांख्यिकी और जनसांख्यिकी के सिद्धांत और व्यवहार" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. प्रेम के. मौनी, अध्यक्ष, महामारी विज्ञान प्रभाग, जैव सांख्यिकी और जनसंख्या स्वास्थ्य, सेंट जॉन अनुसंधान संस्थान एवं सह आचार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग, सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज, बंगलौर।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

1. जूनियर चिकित्सा संकाय / स्नातकोत्तर छात्रों को महामारी विज्ञान की पद्धतियों और जैव सांख्यिकीय पद्धतियों में प्रशिक्षित करना जिनका प्रयोग विभिन्न महामारी विज्ञान अध्ययन डिजाइन से उत्पादित डेटा पर किया जा सकता है।
2. पर्याप्त व्यावहारिक अभ्यास के साथ महामारी विज्ञान और जैव सांख्यिकी का व्यावहारिक कार्य ज्ञान प्रदान करना।
3. दैनिक गृह कार्य द्वारा छात्रों का मूल्यांकन करना।
4. प्रतिभागियों से प्राप्त सत्र प्रतिक्रिया द्वारा पाठ्यक्रम के प्रत्येक सत्र का मूल्यांकन करना।
5. इसकी उपयोगिता और भविष्य की योजना बनाने के लिए पाठ्यक्रम के अंत में छात्र प्रतिक्रिया द्वारा समग्र वैज्ञानिक कार्यक्रम का मूल्यांकन करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. ए. वी. कुरपाद, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कार्यक्रम एक अच्छी तरह से प्रकाशित संगोष्ठी कक्ष में आयोजित किया गया था जिसमें सभी प्रतिभागियों के लिए पर्याप्त बैठने की जगह थी। लैपटॉप, इंटरनेट कनेक्शन और सांख्यिकीय पैकेज की उपलब्धता सहित पर्याप्त सुविधा प्रदान की गई थी। सभी प्रतिभागी विचार-विमर्श में सम्मिलित थे, व्याख्यान के दौरान प्रश्नों को उठाया और सक्रिय रूप से व्यावहारिक सत्र में भाग लिया। सभी प्रस्तुतियों को सत्र से पहले प्रतिभागियों के साथ साझा किया गया था। सभी सत्र सुस्पष्ट प्रस्तुतियों की सहायता से किए गए थे और प्रतिभागियों की भागीदारी वाले विचार विमर्श के साथ समर्थित थे। पर्याप्त मात्रा में दृश्य-श्रव्य उपकरण उपलब्ध थे। सभी पाठ्यक्रम सामग्री, व्यावहारिक प्रश्न डेटा, पूर्व परीक्षण, पश्च परीक्षण सत्र मूल्यांकन सभी ई-लर्निंग मंच (टायरो) पर उपलब्ध थे। सभी विचार विमर्श नैदानिक और गैर चिकित्सीय विषयों से उपयुक्त उदाहरणों द्वारा समर्थित थे।

3. 25-26 सितम्बर, 2015 को सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे में आयोजित "गायनीकॉन 2015: प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान में क्रिटिकल केयर" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिवः डॉ. (ब्रिगेडियर) मनाश बिस्वास, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान विभाग, सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई के मुख्य उद्देश्य थे:

1. स्त्रीरोग विशेषज्ञ और रेजिडेंट को भ्रूण गुणसूत्र असामान्यताओं के निदान के लिए अंतर्गर्भाशयी अंतःक्रमण प्रक्रियाओं के विषय पर शिक्षित करना।
2. भ्रूण विकृतियों की अल्ट्रासाउंड विशेषताओं के बारे में शिक्षित करना और अंतर्गर्भाशयी भ्रूण समस्याओं की विकृतिशरीर क्रिया विज्ञान में अंतर्दृष्टि देना और भ्रूण चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति से परिचित कराना।
3. सीएमई कार्यक्रम रक्तस्त्राव, सेप्सिस, उच्च रक्तचाप और थ्रोम्बोटिक स्थिति जैसी महत्वपूर्ण मातृत्व स्थितियों के प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल की स्थापना पर ध्यान केंद्रित करेगा।

पर्यवेक्षक (डॉ. कमल बक्शी, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

भ्रूण चिकित्सा की संभावनाओं और प्रगतियों का एक सिंहावलोकन प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद एमनियोसेंटेसिस, कोरियोनिक विलस नमूने, कॉर्डोसेंटेसिस, अंतर्गर्भाशयी आधान, गर्भ में कमी और फीटोस्कोपी जैसी विभिन्न अंतर्गर्भाशयी प्रक्रियाओं की वीडियो प्रस्तुति की गई थी। अल्ट्रासाउंड: नुचाल मोटाई, नाक की हड्डी, भ्रूण विसंगतियों और डॉपलर प्रवाह (गर्भाशय और नाल की धमनियों के सामान्य और असामान्य डॉपलर प्रवाह. डक्टस और मस्तिष्क आरटियोरोलर प्रवाह) का काफी व्यापक प्रदर्शन किया गया था। एमआरआई की भूमिका और भ्रूण विसंगतियों के संबंध में इसके सह-संबंध पर प्रकाश डाला गया था। डॉ. अरुण किनारे की प्रस्तुति इसकी स्पष्टता, सामग्री, सरलता, जानकारी, अद्यतन के संबंध में उतकृष्ट थी और साक्ष्य आधारित थी। यह एक अच्छा सत्र था।

प्रसूति में चिकित्सा आपात स्थिति पर सत्र 1: उच्च मातृ और भ्रूण मृत्यु दर वाले प्रसवपूर्व कार्डियोमायोपैथी और गर्भावस्था में पीलिया पर चर्चा की गई। इन कठिन विषयों पर व्याख्यान ने निदान में कमियों और इस प्रकार उप इष्टतम प्रबंधन पर प्रकाश डाला। इन सभी पहलुओं को अच्छी तरह से कवर किया गया। स्नातकोत्तर प्रश्नोत्तरी उत्तम थी। सबने भली प्रकार इसका आनंद लिया। स्नातकोत्तर और युवा स्त्रीरोग विशेषज्ञ के लिए मुक्त लेख सत्र की रेटिंग 2.75 / 5 था। केवल कुछ लेख गुणवत्ता प्रस्तुति के थे। स्त्री रोग आपात स्थितियों पर सत्र: काफी हद तक अच्छी तरह से कवर किया गया। उद्घाटन समारोह शानदार था। सत्र 3 पर प्रसूति / संवेदनाहरण विज्ञानी दुःस्वप्न भी अच्छा था। सीएमई कार्यक्रम की योजना, विषय और संकाय का चयन उत्कृष्ट था। शैक्षिक विचार-विमर्श और कार्यशाला का संचालन बहुत ही उपयुक्त और जानकारीपूर्ण था। संगोष्ठी का वातावरण असाधारण था। प्रतिभागी बहुत उत्साहित थे और अधिकांश समय उपस्थित रहे। उन्होंने भ्रूण चिकित्सा पर कार्यशाला एवं प्रसूति एवं स्त्री रोग में चिकित्सा आपात स्थिति पर सत्र का आनंद लेते प्रतीत हो रहे थे। सलाहकारों द्वारा एक अच्छा विचार-विमर्श हुआ; तथापि; स्नात्कोत्तरों एवं युवा रेजिडेंट द्वारा कार्यशाला के दौरान और आपात स्थितियों पर वैज्ञानिक सत्र में अधिक चर्चा नहीं हुई।

4. 20 नवंबर, 2015 को भारतीय शरीर-रचना विज्ञान समिति के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित "अल्ट्रासोनोग्राफीः शरीर रचना विज्ञान के शिक्षण एवं अधिगम में भविष्योन्मुख परिदृष्टि" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: प्रो. ए. के. श्रीवास्तव, मुख्य आयोजन सचिव, भारतीय शरीर-रचना विज्ञान समिति की 63वीं नैटकॉन, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, शरीर रचना विज्ञान विभाग, किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई के अंत में शिक्षार्थी पेट, कपाल, पेशीय कंकाल और भ्रूण अल्ट्रासोनोग्राफी के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी से परिचित हो जाएंगे और प्राप्त ज्ञान का उपयोग चिकित्सा शरीर रचना विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान प्रयोजनों के लिए किया जाएगा।

अल्ट्रासोनोग्राफी (यूएसजी) एक अनिवार्य नैदानिक उपकरण के रूप में उभरा है क्योंकि यह सुविधाजनक, सस्ता, गैर इनवेसिव के साथ ही प्रभावी भी है। इसलिए, मेडिकल छात्रों को आरंभ से ही इस बुनियादी उपकरण से अवगत कराया जाना चाहिए। शिक्षण के लिए यूएसजी का समावेश, जीवित शरीर रचना विज्ञान सीखना विषय को रोचक और

चिकित्सकीय प्रासंगिक बनाएगा। इसप्रकार यह सीएमई शरीर रचना विज्ञान के संकाय को शिक्षण और अनुसंधान प्रयोजनों के लिए इस साधन का उपयोग करने में संवेदनशील बनाने में सहायक होगी।

पर्यवेक्षक (डॉ. शैली अवस्थी, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

यह भली प्रकार आयोजित सीएमई थी। प्रतिभागी और आयोजक बहुत उत्साहित थे। संसाधन संकाय अल्ट्रासोनोग्राफी के क्षेत्र में विशेषज्ञ थे और उन्होंने उदर अंतरांग, पेशीय कंकाल प्रणाली और अंगों के संवहनी शरीर रचना विज्ञान के अल्ट्रासोनोग्राफिक शरीर रचना विज्ञान, नवजात शिशु मस्तिष्क के अल्ट्रासाउंड और जहां प्रासंगिक था भ्रूण विज्ञान के सोनोग्राफिक निष्कर्षों के साथ सहसंबंध पर चर्चा की। सत्र प्रत्येक प्रस्तुति के बाद इंटरैक्टिव चर्चा के लिए खुले थे। एक अत्याधुनिक दृश्य-श्रव्य व्यवस्था उपलब्ध थी जो पूरे समय कुशलता से कार्य करती रही और जिसने सभी सत्रों को बहुत सुखद, जानकारीपूर्ण और इंटरैक्टिव बनाया।

5. **4 दिसंबर, 2015 को व्याख्यान थियेटर परिसर, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित "अच्छी नैदानिक पद्धतियों पर सम्मेलन-पूर्व कार्यशाला" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. बिकाश मेधी, आयोजन सचिव, आईएसआरपीटीकॉन-2015, आचार्य, भेषजगुण विज्ञान विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ - 160012।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे:

1. जीसीपी के आधारभूत नैतिक सिद्धांतों को समझने का ज्ञान प्रदान करना।
2. जीसीपी पर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय दिशा निर्देशों की बुनियादी समझ के विभिन्न पहलुओं पर जागरूक बनाना।
3. नैदानिक अध्ययन और परीक्षण के संचालन में व्यावहारिक समस्याओं को संभालने की क्षमता हासिल करना।

4. अधिसूची वाई दिशानिर्देश के अनुसार देश में चिकित्सा अनुसंधान में वर्तमान नियामक कार्यक्रम के वातावरण को समझना।

पर्यवेक्षक (डॉ. पी. एल. शर्मा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कुल मिलाकर कार्यशाला वैज्ञानिक दृष्टि से उत्कृष्ट थी और नैदानिक परीक्षणों एवं अनुसंधान के अभ्यास में जीसीपी के सिद्धांत के कार्यान्वयन के लिए प्रतिभागियों के लिए लाभप्रद थी। शिक्षा जगत से प्रख्यात संकाय और संसाधन व्यक्तियों, उद्योग वित्त पोषण अभिकरणों (आईसीएमआर) और नियामक अभिकरणों ने कार्यशाला में अपने व्याख्यान दिए। अनुसंधान के क्षेत्र में नैतिकता, विभिन्न हितधारकों के उत्तरदायित्वों, नैदानिक ट्रेल्स की नैतिक आवश्यकता, आईसीएच-जीसीपी, भारतीय जीसीपी दिशा निर्देशों और बहुत से महत्वपूर्ण विषयों को कार्यशाला में कवर किया गया। व्याख्यान विचारोत्तेजक थे और अधिकतर शामिल विषयों से एमडी / डीएम / पीएचडी / एमएससी के छात्रों को उनकी परीक्षा की तैयारी में लाभ होगा । कुल मिलाकर कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए लाभप्रद और जानकारीपूर्ण थी।

6. 17 दिसंबर 2015 को सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट में आयोजित "भेषजसतर्कता" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. सचिन परमार, आयोजन सचिव, इप्सकॉन 2015, सहायक आचार्य, भेषजगुण विज्ञान विभाग, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय परिसर, राजकोट, गुजरात।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

1. विजिफ्लो में एडीआर डेटा प्रविष्टि से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना।
2. भेषजसतर्कता के बारे में जागरूकता लाना और भेषजसतर्कता कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन में चिकित्सकों की भूमिका पर प्रकाश डालना।
3. प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं की कम रिपोर्टिंग के संबंध में भारत में पेश आ रही चुनौतियों पर काबू पाने के उपायों के बारे में जागरूकता लाना।
4. ट्रांसलेशनल भेषजसतर्कता पर अंतर्दृष्टि प्रदान करना।

सीएमई कार्यक्रम भारतीय भेषज समिति (आईपीएस) की 48 वीं मुख्य वार्षिक बैठक के साथ आयोजित किया गया था। यह सीएमई चिकित्सा और औषधि विज्ञान के अनुप्रयुक्त पहलुओं में संलग्न व्यक्तियों के साथ प्रयोगात्मक भेषजगुण विज्ञानियों के अनुसंधान की

खाई को पाटने और विशेष रूप से भेषजसतर्कता के क्षेत्र में उन्हें परस्पर वार्तालाप करने और अंतःविषय अनुसंधान भावना जागृत करने में सहायक होगी।

पर्यवेक्षक (डॉ. आर. बालारमन, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

इप्सकॉन 2015 के एक भाग के रूप में भेषजसतर्कता पर एक दिवसीय सीएमई कार्यक्रम अत्यंत सफल था। प्रतिभागियों की संख्या 50 से अधिक थी। उनमें से कई चिकित्सक, दवा उद्योगों में कार्यरत व्यक्ति और चिकित्सा और फार्मेसी कॉलेजों के स्नातकोत्तर छात्र थे। भेषजसतर्कता और प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया निगरानी गतिविधियों के क्षेत्र में कई दिग्गजों के द्वारा दिए गए उत्कृष्ट व्याख्यानों के कारण संगोष्ठी का उद्देश्य पूरा हुआ। प्रारंभिक व्याख्यान भारत में भेषजसतर्कता अभ्यास के आरंभ और इसके क्षेत्र पर था। दूसरे वक्ता ने अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में प्रभावी भेषजसतर्कता अभ्यास को लागू करने में चिकित्सकों की भूमिका के बारे में भाषण दिया था। भारत में भेषजसतर्कता कार्यक्रम को लागू करने में एडीआर की कम रिपोर्टिंग, भारत में भेषजसतर्कता कार्यक्रम और आईसीएच दिशानिर्देशों, और पीवीपी1 के नियामक पहलुओं में राष्ट्रीय समन्वय केंद्र की भूमिका में चर्चा की गई थी। अंत में वहाँ एडीआर एवं औषधि जानकारी के कूटीकरण के लिए शब्दावलियों पर एक चर्चा की गई। विजिफ्लो सॉफ्टवेयर के संचालन और इंटरनेट के माध्यम से एडीआर रिपोर्टिंग के लिए उप्साला निगरानी केंद्र पर डेटा प्रविष्टि अभ्यास पर एक व्यावहारिक सत्र था। वहाँ एक सामूहिक गतिविधि की गई जिसके बाद एडीआर रिपोर्टिंग पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम अच्छी तरह से आयोजित और अत्यंत सफल था।

7. **29 दिसंबर, 2015 को नैदानिक अनुसंधान एवं व्यक्तिगत रोगोपचार पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुद्दुचेरी में आयोजित "अनुसंधान पद्धतियों पर सम्मेलन-पूर्व कार्यशाला" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. एस. सांधिया, सहायक आचार्य, भेषजगुण विज्ञान विभाग, संस्थान खंड (तृतीय तल), जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान परिसर, पुद्दुचेरी - 605006।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

1. अनुसंधान समस्याओं की पहचान करने में सहायता करना

2. उपयुक्त अनुसंधान अध्ययन डिजाइन का उपयोग करने और रूपरेखा बनाने में सहायता करना

3. अनुसंधान प्रोटोकॉल के लेखन में मार्गदर्शन करना

4. अनुसंधान प्रोटोकॉल की आलोचना कैसे की जाए पर मार्गदर्शन करना

पर्यवेक्षक (डॉ. देविंदर मोहन थाप्पा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

संगोष्ठी का समग्र वातावरण अच्छा और अद्वितीय था। सभी कार्यक्रम के सत्र इंटरैक्टिव थे। अनुसंधान विधि अवधारणाओं पर दृश्य-श्रव्य एड्स, खेल और पहेली का उपयोग कर एक सरल तथा मज़ेदार तरीके से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को एक दूसरे के साथ तथा वक्ताओं के साथ बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रत्येक सत्र के अंत में समूह चर्चा आयोजित की गई और सभी प्रतिभागियों को अपने विचार साझा करने के लिए अवसर दिया गया और उनकी शंकाओं को पूछने और स्पष्ट करने की अनुमति दी गई।

8. 18 मार्च 2016 को कुफ्री, शिमला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित "आईसीयू के कवक विज्ञान रोग और चिकित्सीय चुनौतियां" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. अनिल कांगा, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सूक्ष्म जैवविज्ञान विभाग, इंदिरा गाँधी मेडिकल कॉलेज, शिमला, हिमाचल प्रदेश।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

1. चिकित्सा कवक विज्ञान के क्षेत्र में सतत चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना।

2. भारत में चिकित्सा कवक विज्ञान के क्षेत्र में पिछले दो सालों में किए गए शोध का प्रदर्शन करना।

3. चिकित्सा कवक विज्ञान में सूचना के आदान प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करना

4. कवकीय संक्रमण के लिए राष्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम और प्रबंधन दिशा निर्देशों का विकास करना।

5. कवक रोगजनकों में नए अनुसंधान क्षेत्रों की पहचान करना

6. मेडिकल कॉलेजों में कवक विज्ञान नैदानिक सेवाओं को उन्नत करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. नैन्सी मल्ला, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

"भारतीय मानव और पशु कवक विज्ञानी समिति के 11वें राष्ट्रीय सम्मेलन" के भाग के रूप में आयोजित प्रस्तावित सीएमई वैज्ञानिक कार्यक्रम सुनियोजित था। पंजीकृत प्रतिभागी 199 थे जिनमें मुख्य रूप से स्नातकोत्तर छात्र और देश के विभिन्न मेडिकल कालेजों से कनिष्ठ संकाय सदस्य थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में कवकीय संक्रमण के बारे में जागरूकता और ज्ञान का प्रसार और भविष्य की अनुसंधान रणनीतियों के निर्धारण की क्षमता उत्पन्न करना था। सीएमई वैज्ञानिक कार्यक्रम आईसीयू में कवकीय संक्रमण, चिकित्सकीय दवा निगरानी और कवकरोधी प्रतिरोध सहित तीन सत्रों में आयोजित किया गया। प्रख्यात शिक्षकों, वैज्ञानिकों और कवकीय संक्रमण के विभिन्न क्षेत्रों और पहलुओं पर काम कर रहे वरिष्ठ अनुसंधान विशेषज्ञों ने उत्कृष्ट व्याख्यान दिए और अपने अनुसंधान अनुभवों को साझा किया। रोगजनक कवक संक्रमण के कारण होने वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या, रुग्णता और मृत्यु दर को ध्यान में रखते हुए विषय काफी प्रासंगिक थे। नैदानिक स्थितियों में कवकरोधी प्रतिरोध की समस्या और परिणाम में सुधार करने के लिए चिकित्सकीय औषध निगरानी पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विचार-विमर्श इंटरैक्टिव थे और प्रत्येक व्याख्यान के अंत में, कुशल अध्यक्ष द्वारा निर्देशित, सक्रिय विचार-विमर्श आयोजित किए गए। प्रतिभागी बहुत उत्साहित थे जो कि सत्र में उनकी उपस्थिति और विचार विमर्श में सक्रिय भागीदारी से स्पष्ट हो रहा था।

